52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 17.2 °c | अधिकतम 31.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:33 सूर्यास्त : 5:31 | वर्ष : 52/ अंक : 303 | शनिवार, 02 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

सत्य (परमात्मा) को केवल तभी जाना जा सकता है, जब हृदय सच्चा होता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कांग्रेस जन उतनी ही गारंटी का वादा करें, जितना दे सकें : खड़गे



लोग अब तक खटाखट की बात कर रहे हैं....


## आप हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे



**श्रद्धेय स्व. श्री राजकुमार जैन (नावला वाले)**

**तृतीय पुण्यतिथि पर**

**कोटि-कोटि नमन**

परिवार जिसका मंदिर था, प्रेम जिसकी शक्ति थी, परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी। कर्म हमेशा ऐसे किए कि सबके दिलों में गूंजते रहे, आपका प्रेममय, सबको साथ लेकर चलने वाला स्वभाव और किसी भी कार्य के प्रति समर्पण हमारे लिए प्रेरणादायक रहेगा।

"जिनेन्द्र देव आपकी आत्मा को शांति प्रदान करें"

**स्व. श्री राजकुमार जैन**

जन्म : 27 दिसम्बर 1957

निर्वाण : 2 नवम्बर 2021

**आपके स्मरण में**

वहलना स्टील एण्ड एलॉएज प्रा.लि., मुजफ्फरनगर
नावला इस्पात प्रा.लि., सरधना, मेरठ (बाहुबली गोल्ड टीएमटी)
श्री हरि इस्पात प्रा.लि., देवबन्द
नयन इस्पात प्रा.लि., मुजफ्फरनगर
वर्धमान सिरेमिक्स एण्ड रिफैक्ट्रीज, मुजफ्फरनगर
देवभूमि फूड फ्रोजन प्रा.लि., काशीपुर, उत्तराखण्ड
मित्तल कास्टिंग एण्ड इन्जीनियर्स, मुजफ्फरनगर
आर.एस. कैमिकल्स, मुजफ्फरनगर
ए.के. रिफैक्ट्रीज, मुजफ्फरनगर
देवभूमि ऑयल प्रा.लि., काशीपुर, उत्तराखण्ड

**एवं समस्त नावला जैन परिवार**

निवास – 860/155, अम्बा विहार, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर मो०– 9837010646, 9837788262







52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 303 | शनिवार, 02 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये 

## रोडवेज की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**भोपा, 1 नवम्बर (बु.)।** कस्बे में रोडवेज की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के बाद बेगरजपुर मेडिकल ले गए, जहां पर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। भोपा थाना कस्बा निवासी 54 वर्षीय राजकुमार उर्फ गुग्गू गुरूवार की सुबह करीब सात बजे मजदूरी के लिए घर से जंगल में जा रहे थे कि जैसे ही मुख्य मार्ग पर चढ़े, तो शुकतीर्थ की ओर से आ रही रोडवेज गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पीछे पीछे आ रहे उनके भाई संसार सिंह ने शोर मचा दिया, जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ हो गई तथा बस को रोक लिया और घायल हो सीएचसी ले गए, जहां उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया, जिसके बाद उन्हें बेगरजपुर मेडिकल ले गए जहां पर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना से पत्नी कमलेश आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक नोवेंद्र सिंह सिरोही ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



# अलग-अलग हादसों में दिवाली की रात बुझ गये 6 घरों के चिराग

**मुजफ्फरनगर, 01 नवम्बर (बु.)।** दिवाली की रात अलग अलग दुखद हादसों में सड़क दुर्घटना में छह घरों के लोगों की मौत हो गई, जिसमें सबसे दुखद हादसा

### बुढ़ाना, भोपा, छपार व पुरकाजी में अलग अलग हादसों में तीन की मौत

मालवीय चौक पर हुआ, जहां एक बाइक सवार युवक को ट्रक ने पूरी तरह कुचल दिया।

जानकारी के अनुसार युवक उत्तरी सिविल लाइन पान वाली गली साकेत कालोनी का रहने वाला सचिन पुत्र देवेन्द्र था। बताया जाता है कि उक्त युवक के हाथ में बहुत ज्यादा दर्द था, जिस कारण देर रात वह अपने एक साथी के साथ गरम पट्टी और दवाई लेने के लिए जा रहा था, तभी पंजाब नम्बर पीबी 038जे 2345 के एक ट्रक से बाइक यूपी 12बीके 0297 पर सवार युवक की टक्कर हो गई। जिसमें युवक ट्रक के नीचे आकर बुरी तरह कुचल गया। घटना के बाद घबराया हुआ दूसरा युवक दुर्घटना का दृश्य नहीं देख सका, क्योंकि ट्रक ने सचिन को इस तरह से कुचल दिया था कि सचिन के अंगों का पता ही नहीं लग पा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों का बताना है कि सड़क का दृश्य देखकर ऐसा लग रहा था कि जैसे चारों तरफ मांस के लौथड़े ही लौथड़े पड़े हों, पुलिस ने शव को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, उक्त दुखद सूचना से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। वहीं दूसरा हादसा नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जानसठ रोड पर हुआ, जहां पेट्रोल पम्प के पास संजय और उसका साथी फ्रांसिस खाना खाकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में संजय को एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। गंभीर घायल होने के बाद जब उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संजय बिजनौर के बासोंवाला थाना बढ़ापुर का रहने वाला था और पेट्रोल पम्प की एक मशीन लगाने के लिए यहां आया हुआ था।

### छपार हादसे में भाई की मौत

**मुजफ्फरनगर।** छपार में पेट्रोल पम्प के सामने हाईवे पर सड़क पार कर रहे एक बाइक सवार दो युवकों को डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गांव बरला का रहने वाले सुनील व बबलू पुत्रगण मदन दोनों भाई छपार में एक पुराना ट्रेक्टर खरीदने हेतु बाइक से जा रहे थे। शाम छह बजे जब वे छपार में पेट्रोल पम्प के सामने कट पर सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज गति से आ रही एक डीसीएम ने दोनों को जबरदस्त टक्कर मार दी। इसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद डीसीएम चालक डीसीएम सहित फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना पर एम्बुलेंस व छपार पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया और बबलू का उपचार जारी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी खादर के चमरावाला के निकट ट्रैक्टर की टक्कर लगने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। 22 वर्षीय निखिल शेरपुर गांव से वापस बाइक द्वारा अपने घर चमरावाला लौट रहा था तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर ने निखिल की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही निखिल गंभीर घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का बताना है कि निखिल की मौके पर ही मौत हो गई थी, मगर जब उसे पुरकाजी चिकित्सालय ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रैक्टर चालक की पहचान पुरकाजी के ही जिन्दावाला निवासी बाबू के रूप में हुई तो उस पर मुकदमा दर्ज कराया गया। बाबू के खिलाफ मृतक निखिल के मामा बिजेन्द्र कुमार द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है।




**अलग अलग स्थानों पर दो अज्ञात शव मिले :** मुजफ्फरनगर। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र की गांधी कालोनी में बुजुर्ग का शव नाले में पड़ा मिला। शव की सूचना लोगों ने पुलिस को दी, पुलिस मौके पर पहुंची तो बुजुर्ग मृत पाया गया। बुजुर्ग की आयु लगभग 70 वर्ष प्रतीत हो रही है, उक्त बुजुर्ग ने टी शर्ट, जक्रीन व पेंट पहने हुई थी, बुजुर्ग की शिनाख्त नहीं हो पाई। वहीं दूसरी ओर पुरकाजी थाना क्षेत्र के फलौदा कट के पास दोपहर के समय अज्ञात शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया तो शव की शिनाख्त नहीं हो पाई, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया। उक्त व्यक्ति की उम्र 60-62 वर्ष के आसपास बताई गई है।

## सड़क दुर्घटना में हुई ग्रामीण की दर्दनाक मौत

**बुढ़ाना, 01 नवम्बर (बु.)।** देर शाम बाइक सवार युवक की एक तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना बुढाना पुलिस ने परिजनों को देते हुए शव को पीएम के लिए भेजकर बस चालक की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सौरम का रहने वाला करीब 40 वर्षीय जितेंद्र पुत्र भोपाल सिंह बाइक द्वारा कहीं जा रहा था। शुक्रवार को शाम करीब साढ़े 06 बजे वह बुढ़ाना वाया बड़ौत मार्ग पर अपने घर जाते समय एक रोडवेज बस की चपेट में आ गया। इस घटना में वह बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, तभी किसी व्यक्ति के द्वारा घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज ललित कुमार कसाना दल बल सहित कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गये। तब पुलिस ने रोडवेज बस को अपने कब्जे में ले लिया, जबकि रोडवेज बस का चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। अचेत अवस्था में जितेंद्र को कस्बे की सीएचसी पर भर्ती कराया गया। सीएचसी पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनों को दी। पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गयी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है।

## देवबंद में मंदिर गए भाई-बहन के शव मिलने के बाद हंगामा

### तंत्र-मंत्र में हत्या की आशंका, ग्रामीणों ने लगाया जाम



**देवबंद, 1 नवंबर (एजेंसी)।** देवबंद में भायला गांव में दो परिवारों की दीपावली की खुशियां मातम में बदल गईं। घर से मंदिर गए भाई-बहन के शव सड़क किनारे पड़े मिले। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने देवबंद-बड़गांव मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीण तांत्रिक क्रिया के चलते दोनों की हत्या करने का शक जता रहे हैं जबकि पुलिस इसे सड़क हादसा मानकर चल रही है। भायला गांव निवासी देव सिंह उर्फ भीम का पुत्र करण(11) गुरुवार शाम चाचा की सात वर्षीय बेटी अवनी के साथ घर से कुछ दूरी पर स्थित मंदिर में पूजा करने गया था लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटे। परिजनों ने गांव वालों के साथ उनकी तलाश शुरू की। सूचना पर पुलिस भी गांव में पहुंच गई। जंगल और श्मशानघाट में उनको ढूंढा गया लेकिन कुछ पता नहीं चला। देर रात तलाश में जुटे गांव के ही एक युवक को घर से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर करण सड़क किनारे मृत अवस्था मे पड़ा मिला जबकि उससे कुछ दूरी पर एक खाई में अवनी का शव पड़ा था। करण के एक पैर और हाथ की हड्डी कई जगह से टूटी थी और पैर पर लंबा कट लगा हुआ था। जबकि सिर से भी खून बह रहा था। अवनी के सिर से भी खून बह रहा था। जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। कुछ ही देर में फोरेंसिक टीम भी वहां पहुंच गई। ग्रामीणों ने तांत्रिक क्रिया में बच्चों की हत्या किए जाने की शक जताते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने देवबंद-बड़गांव मार्ग पर जाम लगा दिया। देर रात तक भी पुलिस का कोई बड़ा अधिकारी वहां नहीं पहुंचा, काफी समय बाद एसडीएम दीपक कुमार ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। दोनों बच्चों की परिजन महिलाएं सड़क के बीच बैठकर विलाप करती रहीं। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क हादसे का लग रहा है। किसी तेज गति वाहन ने दोनों को टक्कर मारी। जिससे वह दूर जाकर गिरे। फोरेंसिक टीम ने मौके से जो सबूत जुटाए हैं, वे हादसे की ओर ही इशारा कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है यह हत्या है या हादसा जांच पूरी होने के बाद स्पष्ट हो पाएगा।

# कैलावड़ा में नाली के विवाद पर गैर समुदाय के लोगों ने ब्राह्मण समाज के व्यक्ति को किया खून से लथपथ

### आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही न हुई तो 5 नवम्बर को यशवीर महाराज शुरू करेंगे धरना

**मुजफ्फरनगर, 01 नवम्बर (बु.)।** खतौली के कैलावड़ा गांव में उस समय माहौल गर्मा गया, जब क्षेत्र के ही बैंक वाले रास्ते पर कोटेदार के नजदीक रहने वाले ब्राह्मण परिवार के राधेश्याम ने आसपास के लोगों को यह कह दिया कि नालियों में से पानी सड़क पर आ रहा है, ऐसे में कोई रपट जाएगा तो उसे दिक्कत होगी। इस पर पड़ौस में रह रहे गैर समुदाय के लोग भड़क उठे और ब्राह्मण समाज के राधेश्याम की पिटाई करते हुए उसे लहूलुहान कर दिया। राधेश्याम के पैर में जबरदस्त चोटें आने के कारण लहूलुहान हालत में ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो पुलिस ने इस मामले में अपनी कार्यवाही हल्की रखी, जिससे नाराज होकर बघरा के स्वामी यशवीर महाराज ने 4 नवम्बर तक की चेतावनी देते हुए 5 नवम्बर को कैलावडा के गैर समुदाय के लोगों के घर के बाहर धरने की चेतावनी दी। चेतावनी के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर आ गयी और शाम होते-होते पूरा क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया और पुलिस सख्त कार्यवाही के लिए भी तैयार हो गयी। अब देखना यह होगा कि पुलिस 4 नवम्बर से पूर्व इस मामले में कितनी सख्त कार्यवाही करती है। यदि पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही न हुई तो यशवीर महाराज के ऐलान के अनुसार वे कैलावड़ा पहुंचेंगे और इसकी जिम्मेदारी स्वयं पुलिस प्रशासन की होगी।





## दिल्ली में प्रदूषण और धुएं का 'डबल अटैक'

**नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसी)।** दिवाली की अगली सुबह जब दिल्ली-एनसीआर वालों की आंख खुली तो चारों तरफ स्मॉग और प्रदूषण ही नजर आ रहा था। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और राष्ट्रीय राजधानी के अन्य क्षेत्रों में रहने वाले लोग भयंकर वायु प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। पिछले कुछ हफ्तों से एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लगातार 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। विशेषज्ञों ने आशंका जताई थी कि दिवाली के बाद ये और खराब हो सकती है। शुक्रवार की सुबह कुछ इसी तरह की स्थिति देखी गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, एक नवंबर (शुक्रवार) को सुबह 6 बजे दिल्ली के आनंद विहार इलाके में वायु की गुणवत्ता 395 दर्ज की गई। दिल्ली-एनसीआर के अन्य इलाकों में भी सुबह जहरीले धुएं की चादर जैसे नजारे देखने को मिले। रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले से ही बने प्रदूषण की स्थिति के बीच दीपावली के दौरान पटाखे जलाने से हवा की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को सावधान करते हुए प्रदूषित हवा के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी है। विशेषतौर पर जिन लोगों को पहले से ही सांस और हृदय रोगों की समस्या है उनके लिए इस तरह का वातावरण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि वायु प्रदूषण सभी उम्र के लोगों में अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने वाला हो सकता है। सांस की समस्याओं से इतर ये शरीर के सभी अंगों के लिए भी हानिकारक है। डॉक्टर्स का कहना है कि प्रदूषित वातावरण का बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर सबसे ज्यादा असर देखा जाता रहा है, हालांकि ये वयस्कों के लिए भी बहुत खतरनाक हो सकता है। घरों से बाहर निकलते समय एक बार फिर से सभी लोगों के लिए मास्क पहनना जरूरी हो गया है। इसके अलावा बच्चों को स्कूल भेजते समय माता-पिता को कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वायु प्रदूषण के कारण मौत के जोखिमों को बढ़ता हुआ भी देखा जा रहा है।



# आसमान पर चमकती और धरा पर दमकती रही दिवाली

- लक्ष्मी पूजन के साथ भगवान राम के राज्याभिषेक की खुशियां छाई
- घर, आंगन और बाजारों में रंग बिरंगी झालरों की सज्जा नयनाभिराम रही
- पटाखों की चमक और धमक से मध्य रात्रि के बाद तक गूंजता रहा आसमान

**मुजफ्फरनगर, 1 नवंबर (बु.)।** क्षितिज पर झिलमिलाती झालरों और आसमान पर चमचमाती अग्निशलाकों के साथ अमावस की रात को रोशन करते प्रकाश में जैसे सारी विकृतियां तिरोहित हो गईं और धरा पर धमाकों के साथ बच्चों की किलकारियों ने शुभ दिवाली का संदेश लिख दिया। घरों में लक्ष्मी पूजन के साथ भगवान राम के राज्याभिषेक का हर्ष गली आंगनों में बिखरा नजर आया। पटाखों की गूंज मध्य रात्रि से भी बाद तक वातावरण को गुंजाती रही।

अंधकार पर प्रकाश की विजय का पर्व दीपावली शहर समेत जिले भर में पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। हालांकि पंडितों के द्वारा बताए गए आंकलन के हिसाब से दो दिन पर्व मनाया गया, लेकिन अधिकांश लोगों ने बृहस्पतिवार को ही दिवाली मनाते हुए लक्ष्मी पूजन किया। दिवाली की सज्जा चारों ओर देखने को मिली। बाजारों से लेकर गलियों और घर आंगन में रंगबिरंगी झालरों से की गई सज्जा दर्शनीय थी। विभिन्न रंगों में की गई नयनाभिराम सज्जा के साथ रंगीन रोशनी में पूरा शहर नहाया रहा। दिवाली पर सुबह से पर्व की चर्या में लोग व्यस्त नजर आए।



सुबह देवताओं और भूमिया के पूजन के साथ दिवाली की शुरूआत हुई। इसके बाद दिन में मिठाई और उपहारों का आदान-प्रदान का सिलसिला चला। वैसे तो घरों पर कई दिन पहले से ही सज्जा का क्रम शुरू हो गया था, लेकिन दिवाली पर विशेष रूप से पुष्प सज्जा और रंगीन झालरों से पूरी तरह सज्जा का काम किया गया। दिन में हनुमान जी का पूजन किया गया। जैन परिवारों में भगवान महावीर का मोक्ष कल्याणक भी मनाया गया। शाम होते ही घर आंगन और गलियां रंग-बिरंगी रोशनी में सराबोर होने लगे थे। ऐसे में परिवार के लोग जहां पूजन की तैयारी में थे, वहीं बच्चों में पटाखे छुड़ाने की उत्सुकता नजर आई। संध्या काल में तमाम घरों में महालक्ष्मी के साथ भगवान राम का पूजन किया गया। गणेश लक्ष्मी की प्रतिमाओं के समक्ष घी और तेल की अखंड ज्योत जलाने के साथ मिट्टी के दीप जलाए गए। घर परिवारों में श्री वृद्धि और शुभ लाभ व सुख समृद्धि और आरोग्य की कामना के साथ महालक्ष्मी का पूजन किया गया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद पहली दीपावली पर घरों में रामदरबार की भी विशेष सज्जा की गई। पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर सभी के सुखी और समृद्ध रहने की कामना की गई।

पूजा के बाद बच्चों और युवाओं की हसरतें पूरी करने का समय आया। इसके साथ ही गलियों और घरों की छतों पर आतिशबाजी का क्रम शुरू हुआ। तेज धमाके वाले बुलेट बमों की आवाज से जहां मध्य रात्रि के बाद तक वातावरण गूंजता रहा, वहीं रॉकेट और स्काई शॉट्स से आसमान में उठती अग्नि शलाकाएं जैसे अमावस की छाती पर शुभ दिवाली की इबारत लिखती नजर आईं। धरा पर चमकीली रोशनी बिखेरते अनार और सुनहरी और रुपहली चिंगारियों के साथ घूमती चकरियों को देख खुशी और आह्लाद में किलकारियां भर कर उछलते कूदते बच्चों का उल्लास पर्व की खुशियों को दो गुना करता नजर आया। पटाखों की गूंज जहां थमने का नाम नहीं ले रही थी, वहीं आसमान स्काई शाट्स की लाल नीली रोशनी और राकेट की सुनहरी चिंगारियों के साथ होने वाले धमाकों से गूंजता रहा। युवाओं में इस पर्व का उत्साह खास तौर से देखा गया। उनमें सबसे ज्यादा उत्साह इस बात को लेकर था कि कौन कितने अधिक आवाज वाले पटाखे छुड़ाएगा। गलियों में पटाखे छुड़ाने का कंपिटीशन भी युवाओं में देखने को मिला।

### कार्ड का दौर खत्म, अब सोशल मीडिया बना बधाई संदेशों का माध्यम

**मुजफ्फरनगर।** एक समय था जब बाजारों में दिवाली की शुभकामनाओं के एक से एक आकर्षक कार्ड मिलते थे। कई दिन पूर्व यह कार्ड अपने मित्र परिचितों को भेजे जाते थे। अब यह सिलसिला पूरी तरह खत्म हो चुका है। इसका स्थान सोशल मीडिया ने ले लिया है। सोशल मीडिया पर एक से एक सुंदर दिवाली शुभकामनाओं के संदेश आकर्षिक करते नजर आए। व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम ऐसे शुभकामना संदेशों से पटे रहे।

## युवक की हत्या कर पेड़ पर टांगा

**शामली, 1 नवंबर (एजेंसी)।** कस्बा गढ़ीपुख्ता में बस स्टैंड के पास 35 वर्षीय सचिन उपाध्याय की हत्या कर शव को बेरी के पेड़ पर लटका दिया। मृतक गैस एजेंसी पर सिलिंडर वितरण करने का कार्य करता था। शुक्रवार सुबह कस्बे में बस स्टैंड के पास गुलाबी बाग के कब्रिस्तान में बेरी के पेड़ पर युवक का शव कपड़े के सहारे लटका हुआ मिला। सूचना पर भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। मृतक की पहचान सचिन पुत्र महेंद्र निवासी मोहल्ला जैनपुरी कस्बा गढ़ीपुख्ता के रूप में हुई। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। एएसपी संतोष कुमार सिंह व सीओ थानाभवन श्रेष्ठा ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। फोरेंसिक टीम ने वीडियोग्राफी कराते हुए जांच-पड़ताल की। इसके बाद शव को उतरवाकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक कस्बे में गैस एजेंसी पर रेहड़े से घर-घर सिलिंडर वितरण का कार्य करता था। वह आर्टिस्ट भी था, इस साल उसने रामलीला में राम का अभिनय किया था। उसकी पत्नी, दो पुत्र व एक पुत्री है। एएसपी ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण का पता चल सकेगा। परिजनों की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है। मृतक सचिन के पिता महेंद्र ने रोते हुए बताया कि उसके बच्चे को मारकर पेड़ से लटकाया गया है। उसका बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता। उसे दो तीन फुट ऊंचे पेड़ के टहने से लटकाया गया है। उसके घुटने पूरी तरह मुड़े हुए जमीन पर लगे हुए हैं। उसकी हत्या की गई और आत्महत्या दिखाने के लिए पेड़ से लटका दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मृतक का मोबाइल फोन घर पर चार्जिंग के लिए लगा हुआ मिला। पुलिस उसे कब्जे में लेकर उसकी कॉल डिटेल के आधार पर जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि दिवाली पूजन के बाद रात आठ बजे पत्नी से मामूली कहासुनी हो गई थी। उसके बाद वह घर से चला गया था। रात में वह नहीं लौटा।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# पतंगा गिरने से बिजली के सामान के गोदाम में भयंकर आग लगी

**मीरापुर, 1 नवम्बर (बु.)।** दीपावली के अवसर पर हो रही आतिशबाजी के दौरान पटाखों का पतंगा गिरने से बिजली के सामान के गोदाम में आग लग गयी। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे मौके पर हड़कम्प मच गया। आसपास के

### कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण किया

सैकड़ो लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर व समरसेबिल चलाकर घण्टों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, किन्तु तब तक लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

मीरापुर में पंजाब नेशनल बैंक की मीरापुर शाखा के सामने कृष्णा इलेक्ट्रिकल के मालिक अनुज गोयल पुत्र अजय गोयल ने अपने घेर में बिजली का सामान रखने का गोदाम बना रखा है। दीपावली की देर रात किसी व्यक्ति द्वारा चलाये जा रहे पटाखों की एक चिंगारी गोदाम में रखे गत्ते के कार्टून में जा गिरी, जिससे उसमें आग लग गयी तथा आग ने कुछ ही देर में भयंकर रूप धारण कर लिया और वहाँ रखें बिजली के केबिल व अन्य सामान को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके चलते कुछ ही पलों मे आग का विकराल रूप हो गया। आग की तेज तेज लपटें उठती देख मौके पर हड़कम्प मच गया तथा मौके पर सैंकड़ों की संख्या में भीड़ जमा हो गयी। आनन-फानन में आस-पास के लोगों ने पाइप लगाकर अपने घरों से समरसेबिल चालू कर आग पर पानी डालना शुरू किया तथा सैंकड़ों की संख्या में लोग बाल्टियों से पानी डालकर आग को काबू करने में जुट गए तथा पुलिस व फायर ब्रिगेड को आग की सूचना दी, जिसके काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुँची तथा मूकदर्शक बनकर तमाशा देखती रही। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद कई घण्टों बाद आग पर काबू पाया। गोदाम स्वामी अनुज गोयल ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आंकलन अभी सम्भव नहीं है, संभवतः लाखों का नुकसान हुआ है।

### पुलिस बनी रही मूकदर्शक

**मीरापुर।** जिस समय कृष्णा इलेक्ट्रिक स्टोर के गोदाम में आग लगी तो सैंकड़ों की संख्या में लोग देवदूत बनकर पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। सूचना के काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुँची, किन्तु मौके पर पहुँचने के बाद भी पुलिस वहाँ केवल मूकदर्शक बनकर खड़ी रही तथा वीडियो बनाती रही। मौके पर पहुँचे पुलिसकर्मियों ने आग बुझाने के लिए कोई प्रयास नही किया।

### नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी

**मीरापुर।** अनुज गोयल के बिजली के सामान के गोदाम में भयंकर आग लगने के बाद तुरन्त पुलिस व फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गयी। पुलिस तो काफी देर बाद मोके पर पहुंच भी गयी, किन्तु फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझने तक भी मौके पर नहीं पहुंची थी।




# दिवाली की रात आठ स्थानों पर लगी आग

**मुजफ्फरनगर, 01 नवम्बर (बु.)।** लापरवाही के चलते दिवाली की रात शहर के अलग अलग आठ स्थानों पर आग लग गई। पूरी रात दमकल विभाग की गाड़ियां इधर से उधर दौड़ती हुई दिखाई दीं। शहर के रुड़की रोड पर कपड़े के गोदाम में भयंकर आग की सूचना मिली और उक्त आग इतनी भयंकर थी कि दमकल विभाग को उक्त आग को बुाने में चार घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। आपकों बता दें कि दिवाली की रात नगर के विभिन्न स्थानों पर पटाखे छोड़े गये, मगर पटाखा छोड़ने के बाद कौन सा पटाखा उड़कर किस ओर चला गया, इस पर किसी का ध्यान नहीं गया। ऐसे में अलग अलग आठ स्थानों पर आग लग गई। जिसमें सबसे भयंकर आग रुड़की रोड पर जगदम्बा ट्रेडर्स के नाम से गोदाम रखने वाले शुभम कुमार निवासी रामपुरी के यहां लगी। बताया जाता है कि यहां पटाखे नहीं, बल्कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। गोदाम बंद होने के कारण आग ने जब भयावह रूप ले लिया तब आते जाते लोगों को पता चला कि उक्त गोदाम जलकर खाक हो गया है। सीएफओ अनुराग कुमार देर रात दमकल की चार गाड़ियों के साथ रुड़की रोड पहुंचे और गोदाम का शटर काटकर आग बुाने का काम शुरू किया गया, बताया जाता है कि चार घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना पर गोदाम मालिक मौके पर पहुंचे और आग को देखकर गोदाम मालिक और उसके परिवार के अन्य लोगों का हाल बुरा हो गया। गोदाम मालिक ने उक्त गोदाम में रखे सामान की कीमत एक करोड़ रुपये बताई है। वहीं जानसठ रोड पर अटारी हैंडलूम के स्वामी मधुसूदन निवासी कृष्णापुरी निवासी के गोदाम में भी आग लग गई। दुकान स्वामी का बताना है कि उसकी दुकान में पटाखों की चिंगारी से ही आग लगी है और देर रात में ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और यहां भी आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार उक्त दुकान का मालिक दो माह से बीमार पड़ा था, जिस कारण दुकान भी पिछले दो माह से बंद ही चल रही थी। दुकान मालिक व उनके परिजनों का बताना है कि उनकी दुकान में आठ लाख रुपये का माल था। आग लगने के क्रम में गांधी कालोनी की गली नम्बर 13 में रहने वाले साहिल अरोरा व ग्रीन हाइट सोसायटी के रहने वाले विवेक कुमार के फ्लैट में भी आग लग गई, इसे भी दमकल विभाग की गाड़ियों ने पहुंचकर बुाने का काम किया। वहीं बुढ़ाना मोड चौकी पर एक कबाड़ के गोदाम में आग लगी, जिसमें एक कार में भी आग लगी बताई गई है। मुस्तफाबाद में कूड़े के ढेर में और गांव धौलरा में गन्ने के खेत में आग लगने की सूचना है। गांधी कालौनी में गली नम्बर दस में खाली पड़े प्लॉट में कूड़े के ढेर में आग लग गई। कुल मिलाकर आठ स्थानों पर लगी आग में करोड़ों रुपये का नुकसान बताया गया है।







1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## उपचुनाव में संजीदा सियासत

उपचुनाव में उत्तर प्रदेश की सियासी पार्टियां संजीदा सियासत में लगी हैं। राजनैतिक दलों की गंभीरता को देख कर लगता है सभी दल इन चुनाव को किसी भी हाल में जीतना चाहते हैं। सियासी संजीदगी का अंदाजा इस बात ही से लगाया जा सकता है कि उपचुनाव से दूरी बनाकर रखने वाली पार्टी, बसपा भी उपचुनाव में उतर गयी है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनाव में भाजपा और सपा अपनी-अपनी रणनीति के साथ मैदान में आ गयी हैं। सपा ने पीडीए यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूले की बदौलत लोकसभा चुनाव में भाजपा को पछाड़ दिया था। राज्य में मुज़फ़्फ़रनगर की मीरापुर, मुरादाबाद की कुंदरकी, गाज़ियाबाद, अलीगढ़ की खैर, मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, अंबेडकर नगर की कटेहरी और मिर्ज़ापुर की मझवां सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। विधानसभा उपचुनाव के लिए वोट 13 नवंबर को डाले जाएंगे और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। लोकसभा चुनाव में सपा के पीडीए फॉर्मूले की कामयाबी को देखते हुए भाजपा उपचुनाव में सतर्क लग रही है। भाजपा ने भी ओबीसी उम्मीदवारों पर दांव लगाया है। लोकसभा चुनाव में सपा ने 37 सीटें जीती थीं। सपा के जीते हुए उम्मीदवारों में 25 पिछड़ी जातियों के थे। अखिलेश यादव के इस्तीफे से खाली हुई मैनपुरी की करहल सीट से भाजपा ने अनुजेश यादव को प्रत्याशी बनाया है। अनुजेश यादव को इस सीट पर उतारने की वजह यादव मतदाता हैं जो यहां निर्णायक भूमिका में हैं। इस सीट से सपा के तेज प्रताप यादव उम्मीदवार हैं। अंबेडकरनगर से सांसद चुने गए लालजी वर्मा के इस्तीफ़े से खाली हुई कटेहरी सीट पर भाजपा ने धर्मराज निषाद को सपा की शोभावती वर्मा के खिलाफ उतारा है। इस सीट पर कुर्मी और निषाद समुदाय के वोटर लगभग बराबर की संख्या में हैं। दोनों ओबीसी समुदायों में गठजोड़ न हो, इसलिए भाजपा ने ये फैसला लिया है। भाजपा की तरफ से फूलपुर से दीपक पटेल और मंझवा सीट से सुचिस्मिता मौर्या उम्मीदवार बनाई गई हैं। भाजपा ने कुल चार ओबीसी उम्मीदवार उतारे हैं। यहाँ की मीरापुर सीट आरएलडी के खाते में है। आरएलडी ने यहां से मिथिलेश पाल को उतारा है। सपा ने गाज़ियाबाद सीट से दलित समुदाय के उम्मीदवार को उतारा है। सपा ने कानपुर की सीसामऊ से नसीम सोलंकी, पूर्व विधायक मुस्तफा सिद्दीकी को फूलपुर से,पूर्व विधायक मोहम्मद रिजवान को कुंदरकी और सुंबुल राणा को मीरापुर सीट से उतारा है। पार्टी ने ज्योति बिंद को मंझवा और चारू कैन को अलीगढ़ की खैर सीट पर उम्मीदवार बनाया है। चारू कैन जाटव समाज से हैं। समाजवादी पार्टी ने नौ सीटों में से चार पर मुस्लिम, दो पर दलित और तीन पर ओबीसी समुदाय के उम्मीदवार उतारे हैं। बसपा ने कटेहरी से अमित वर्मा, करहल से अवनीश कुमार शाक्य, गाज़ियाबाद से परमानंद गर्ग, सीसामऊ से वीरेंद्र शुक्ला, फूलपुर से जितेंद्र कुमार सिंह, मीरापुर से शाहनजर और मंझवा से दीपक तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कैबिनेट मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, जब टिकट का फैसला किया जाता है तो ये देखा जाता है कि किस उम्मीदवार की जीतने की सबसे ज्यादा संभावना है। कश्यप ने कहा, भाजपा को लग रहा है कि पिछड़े वर्ग के लोग जीत सकते हैं, तो उनको उम्मीदवार बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका में आरक्षण के खिलाफ बयान दिया था। राहुल गांधी के इस बयान के बाद पिछड़े वर्ग के वोटर भाजपा के पास आए हैं। इस उपचुनाव में सभी नौ सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार जीतेंगे। 'सबका साथ, सबका विश्वास' का नारा चलेगा।हालांकि भाजपा ने अगड़ी जाति के भी तीन उम्मीदवारों को टिकट दिया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता का कहना है कि पार्टी सभी वर्गों का ख्याल रखती है और चुनाव में जीत एक बड़ा फैक्टर होता है। जो जहां जीत सकता है, उसको वहां प्राथमिकता मिलती है। अयोध्या-फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा, सपा की नकल कर रही है और इसलिए पिछड़ों को उम्मीदवार बना रही है, लेकिन इनके बहकावे में कोई आने वाला नहीं है। सपा संविधान और जातीय जनगणना की बात पर आगे बढ़ रही है।

विधानसभा उप चुनाव में भी इसका असर दिखाई देगा। बसपा ने सपा के पीडीए पर सवाल उठाए हैं। बीएसपी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, सपा के पीडीए का मतलब है 'परिवार दल अलायंस' क्योंकि करहल सीट से अखिलेश यादव के रिश्तेदार भाजपा उम्मीदवार हैं, वहीं उनके भाई की पत्नी अपर्णा यादव महिला आयोग में है। पिछड़ों की असली हितैषी बसपा है न कि सपा। पाल ने कहा कि उनकी पार्टी ने दो मुस्लिम, दो ब्राह्मण, एक दलित और चार ओबीसी उम्मीदवार उतारे हैं। उपचुनाव में सभी प्रमुख पार्टियों की ओर से पिछड़े उम्मीदवारों पर जोर देने की रणनीति सामने आ रही है। कई नेताओं का मानना है कि भाजपा के ऊपर दबाव है, इसलिए पिछड़े उम्मीदवार उतार रही है। लोकसभा चुनाव में यूपी में पिछड़ों ने भाजपा से दूरी बना ली थी। लिहाजा भाजपा को सपा से कम सीटें मिलीं। गाज़ियाबाद की सीट को लेकर सपा कुछ ज्यादा ही संजीदा है। सपा ने इस सामान्य सीट पर जाटव जाति के उम्मीदवार को टिकट दिया है। उत्तर प्रदेश में जाटव दलितों का सबसे प्रभावशाली समुदाय है। ऐसा करके सपा, बसपा के जाटव वोट पर सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि जाटव जाति के वोट पारंपरिक तौर पर मायावती समर्थक माने जाते हैं। गाज़ियाबाद की सीट पर सपा फैजाबाद की लोकसभा सीट की तरह 'खेल' करना चाहती है। सपा को लग रहा है कि मुस्लिम-यादव समीकरण में जाटव के आने से भाजपा के इस किले को भी भेदा जा सकता है। सपा ने लोकसभा चुनाव में गैर आरक्षित सीट पर आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद को उतारकर मैदान फतह कर लिया था, हालांकि मेरठ लोकसभा में पार्टी का ये दांव चल नहीं पाया, लेकिन भाजपा के प्रत्याशी अरुण गोविल की जीत का अंतर काफी कम था। इस बार भाजपा भी बहुत गंभीर है। पार्टी प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा है कि मुख्यमन्त्री योगी की अगुआई में पार्टी अच्छे परिणाम देगी और हरियाणा के नतीजों की तरह अप्रत्याशित नतीजे देखने को मिलेंगे। उपचुनाव की नौ सीटों के नतीजों का सत्ता पर तो कुछ असर नहीं पड़ेगा, लेकिन दलों का वज्न पता चल जाएगा।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"सच" "झूट" "जिन्दगी" "एहसान"

सच की चादर ओढ़ने में आजकल नुकसान है,
झूट ही से जिन्दगी हर मोड़ पर आसान है।
सारी इज्जत, सारी रौनक,झूट ही के दम से है,
झूट का इस जिन्दगी पर एक बड़ा एहसान है।

## दीपावली पर हर्ष व उल्लास के दीयों से रोशन हुआ एम.जी. पब्लिक स्कूल





मुजफ्फरनगर, 01 नवम्बर (बुस.)। एमजी पब्लिक स्कूल का प्रांगण गुरूवार को दीपावली पर्व के अवसर पर हर्ष और उल्लास के दीयों से प्रकाशमय नजर आया। इस अवसर पर आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में सभी ने राष्ट्र की उन्नति और समाज एवं परिवार में सुख समृद्धि तथा स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए एक-दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। एम.जी. पब्लिक स्कूल का प्रांगण दीपावली पर्व के अवसर पर आयोजित किये गये दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान पूरी तरह से खुशियों से सराबोर नजर आया। सायंकाल के समय स्कूल प्रांगण पूरी तरह से उल्लासित दिखाई दिया। यहां पर शिक्षक-शिक्षिकाएं और सहयोगी कर्मचारियों ने हर्ष और उल्लास के दीयों को रोशन करते हुए नकारात्मकता के अंधियारे को दूर करने का काम किया। इस दिवाली कार्यक्रम का शुभारंभ एमजी चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चन्द गोयल ने किया। विद्यालय प्रांगण में पधारने पर प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने ट्रस्ट चेयरमैन सतीश चन्द गोयल के साथ ही समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य स्टाफ का स्वागत और अभिनंदन किया। सर्वप्रथम विद्यालय संस्थापक स्व. लाला हरबंस लाल गोयल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन करने के साथ ही दीये जलाये गये। इसके पश्चात सभी ने मिलकर जय श्रीराम के जयकारे की गूंज के बीच पांच-पांच दीये जलाकर विद्यालय प्रांगण को सुन्दर और प्रकाशमय स्वरूप प्रदान करने में अपना सहयोग देते हुए हर्ष व्यक्त किया। पूरे विद्यालय प्रांगण को दीयों की रोशनी से रोशन करते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव का एक प्रेरक संदेश दिया गया। ट्रस्ट चेयरमैन सतीश चन्द गोयल और प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने सभी को दीपावली के साथ ही इस पंच दिवसीय पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भी के स्वस्थ जीवन की कामना की। अंत में सभी को मिष्ठान वितरित किया गया।

**दिवाली की दिखी धूम...** पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान के पैतृक आवास पर मनाया गया दीपावली मिलन समारोह, उमड़े क्षेत्र के लोग

# अमावस्या की काली रात में भी रोशनी से जगमगाया शाहपुर





शाहपुर, 01 नवम्बर (बु.)। क्षेत्र व नगर में दीपावली का पर्व हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। गांव कुटबी में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अपने आवास पर आयोजित दीपावली मिलन पर्व पर अपने समर्थकों, ग्रामीणों व बच्चों के साथ मिठाई वितरित कर मनाई। अमावस्या की काली रात में भी संपूर्ण शाहपुर क्षेत्र रोशनी से जगमगाया रहा। शाहपुर व देहात में दीपावली के पर्व पर पूजा अर्चना, मिठाई वितरण व आतिशबाजी कर पर्व को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बाजारों में दीपावली पर्व पर भारी भीड़ रही तथा ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की। गांव कुटबी में आने आवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान ने ग्रामीणों व समर्थकों के साथ गले मिलकर व मिठाई बांटकर मनाई। उन्होंने गांव के लोगों के अलावा छोटे छोटे बच्चों को भी उनकी पढ़ाई लिखाई के बारे के बात कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। क्षेत्र व जनपद के उनके समर्थक दीपावली की शुभकामनाएं देने उनके आवास कुटबी पहुंचे। दीपावली पर्व पर कस्बे व देहात के अन्यत्र स्थान पर रहने वाले लोग अपने परिवारों के साथ अपने-अपने घर पहुंचे और प्रातः काल परिवार के लोगों के साथ अपने-अपने देवताओं की पूजा अर्चना की तथा सायंकाल देवी लक्ष्मी व भगवान गणेश जी का पूजन कर करने के बाद दीपक प्रज्जवलित कर दीपावली पर्व मनाया। वहीं कस्बे व देहात में देर रात्रि तक तेज आवाज के पटाखे व आतिशबाजी होती रही। अधिकतर जगह गुरूवार को ही दीपावली पूजन करने के अलावा कुछ शुक्रवार को भी दीपावली का पूजन कर दीपावली पर्व मनाया। गुरूवार के मुकाबले शुक्रवार को बाजार में भीड़ कम रही। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के आवास पर पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, कुटबी ग्राम प्रधान विश्वेन्द्र प्रधान, अरविंद पाल, नीरज राठी प्रधान, कपिल सैनी, सोमपाल प्रजापति, सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, राजेश गोयल, बृजपाल ठेकेदार, अमित सैनी, मोनू सैनी, मौजपाल सैनी, कल्लू बालियान, उमेश गोयल, सोनू नामदेव, सावंत नामदेव, रेणु बालियान, पूर्व मंडल अध्यक्ष एकांश त्यागी, सावंत नामदेव, उमेश गोयल, सोनू नामदेव आदि मौजूद रहे।

## मीरापुर क्षेत्र में धूमधाम से मनी दीपावली, रोशनी से जगमगाया कस्बा

### आतिशबाजी की चकाचौंध से रंगीन हुआ आसमान

मीरापुर, 1 नवम्बर (बु.)। मीरापुर क्षेत्र में दीपावली का पर्व धूमधाम के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान मीरापुर कस्बे के बाजार रंगीन झालरों से जगमगाते रहे मीरापुर कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र में दीपक की रोशनी व रंगीन झालरों से लोगों के सजे रहे। लोगों ने घरों में व अपने प्रतिष्ठानों में माँ लक्ष्मी जी का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की बधाई दी। भगवान श्री राम के सीता माता व लक्ष्मण जी के साथ वनवास काटकर 14 वर्ष बाद उनके अयोध्या आगमन पर खुशी के रूप में मनाया जाने वाला दीपावली पर्व मीरापुर कस्बे व देहात क्षेत्र में बड़े धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों को दीपकों व रंगीन झालरों से दुल्हन की तरह सजाया हर तरफ रोशनी ही रोशनी नजर आई। बाजार में चहल-पहल नजर आई। लोगों ने सपरिवार अपने देवताओं पर जाकर उनकी पूजा की तथा घरों व प्रतिष्ठानों पर भगवान श्री गणेश व माँ लक्ष्मी जी का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की, महिलाओं ने घरों में तरह तरह के पकवान बनाए, लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर दीपावली की शुभकामनाओं के साथ मिठाई वितरित की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की बधाई दी। वही बच्चों ने जमकर आतिशबाजी कर उत्साह के साथ दीपावली मनाई। दीपावली की खुशी में आतिशबाजी से आसमान रंगीन नजर आ रहा था।

## भाजपा मंडलाध्यक्ष पर हुआ जानलेवा हमला

### भारतीय जनता पार्टी के संगठन उपाध्यक्ष, उनके भाई व मां से भी हुई मारपीट



बुढ़ाना, 01 नवम्बर (बु.)। भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल के अध्यक्ष भारत ठाकुर पर उस समय जानलेवा हमला किया गया जब वे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के आवास पर दीपावली पर्व की बधाई देने पहुंचे थे। हमलावरों ने बीच बचाव कराने आए मंडल उपाध्यक्ष और उनके परिवार के सदस्यों पर भी हमला कर उनको भी घायल कर दिया। इस मामले में बुढ़ाना पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर फरार हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष भारत ठाकुर बीती देर रात दीपावली पर्व की बधाई देने बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला पारसी बस स्टैंड निवासी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनमोहन कश्यप के घर पहुंचे थे, तब उन्होंने अपनी कार घर के बाहर खड़ी कर दी और अंदर चले गये। कुछ ही देर बाद पड़ोसी युवकों ने उनकी कार के पास पटाखे छुड़ाने शुरू कर दिये, तो भारत ठाकुर ने बाहर आकर उनको कार के पास पटाखे छुड़ाने से मना किया तो आरोप के मुताबिक पड़ोसी युवकों ने भारत ठाकुर के साथ गाली-गलौच कर उन पर लात घूसों से अचानक हमला बोल दिया। तब उनको बचाने आए मनमोहन कश्यप और उनके भाई शुभम और उनकी मां के साथ भी हाथापाई कर मारपीट करते हुए घायल कर दिया और फरार हो गये। मौके पर गश्त करती आई पुलिस ने चारों घायलों को सीएचसी पहुंचाकर हमलावरों की तलाश में दबिश दी, लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े। इस मामले में 07 युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## एसएसपी ने किया यातायात माह का शुभारम्भ



मुजफ्फरनगर, 01 नवम्बर (बु.)। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं सुरक्षित परिवहन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार को एसएसपी अभिषेक सिंह ने यातायात माह नवम्बर-2024 का फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। स्कूली छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली। एसएसपी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शुक्रवार को एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा पुलिस लाइन में यातायात माह नवम्बर 2024 का फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। वाहनों के चैकिंग अभियान एवं सड़क पर सुरक्षित सफर तय करने के उद्देश्य से लोगों में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। यातायात पुलिस की ओर से यातायात माह में प्रतिदिन यातायात नियमों के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ सघन चैंकिग अभियान चलाकर काली फिल्म, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी बाइक, बिना हेलमेट तथा नो इंट्री का पालन न करने वाले वाहनों व वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे, एएसपी ब्योम बिंदल, एआरटीओ सुशील मिश्रा, एआरएम प्रभात सिन्हा, सीओ मंडी नई मण्डी रूपाली राय, सीओ ट्रैफिक देवव्रत वाजपेई व अन्य उपस्थित रहे।

## दो दुकानों व आधा दर्जन नलकूपों में चोरी कर चोरों ने दिवाली मनाई



मीरापुर, 1 नवम्बर (बु.)। दिवाली की रात चोरों ने सब्जी मंडी में दो दुकानों से लहसुन के बोरे व नकदी तथा करीब आधा दर्जन नलकूपों से हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। चोरी की घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया।

कस्बे की सब्जी मंडी में बीती रात चोरों ने लोहे की चादर काटकर व्यापारी जहीर आलम की दुकान से करीब एक हजार रुपए तथा लहसुन के दो बोरे चोरी कर लिए तथा इसके बराबर में स्थित व्यापारी यामीन की दुकान में घुसकर चोरों ने करीब एक हजार रुपए की खरीज चोरी कर ली तथा सैफ अलमारी तोड़ने का प्रयास किया। सवेरा होने पर व्यापारियों को चोरी की जानकारी लगी तो हड़कम्प मच गया। व्यापारियों का आरोप है कि सब्जी मंडी में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, किन्तु पुलिस एक भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी। दूसरी तरफ गांव सम्भलेहड़ा में भी दीवाली की रात में चोरों ने याकूब, आरिफ, शहजाद, शौकत, शमशेर, बाबू आदि के नलकूप में चोरी कर ली। किसानों का आरोप है कि पिछले तीन दिन से क्षेत्र में स्थित नलकूपों में लगातार चोरी की घटना हो रही है, किन्तु पुलिस ने एक भी घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है और न ही किसी चोरी का खुलासा किया है।

## मीरापुर पहुँचे मोदी के हमशक्ल को देखने को उमड़ी भीड़

### लखनऊ के अभिनन्दन पाठक ने मीरापुर में बजाया भाजपा की जीत का डमरू



मीरापुर, 1 नवम्बर (बु.)। मीरापुर उपचुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमशक्ल अभिनन्दन पाठक के मीरापुर पहुँचने से राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गयी। प्रधानमंत्री के हमशक्ल को देखने के लिए मीरापुर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान लोगों को डमरू बजाकर आकर्षित करते हुए प्रधानमंत्री के हमशक्ल ने नागरिकों से मतदान अवश्य करने की अपील की तथा भाजपा रालोद गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया। शुक्रवार को भाजपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी मिथलेश पाल के चुनावी कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमशक्ल भारतीय नमो सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखनऊ निवासी अभिनन्दन पाठक पहुँचे, उन्हें देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो गए। हाथ मे डमरू लिए लोगों को आकर्षित कर रहें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमशक्ल अभिनन्दन पाठक ने बताया कि वह 2014 से लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए बनारस लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार करते आ रहे हैं। अभीनन्दन पाठक ने कहा कि उन्होंने हाल ही में लोकसभा चुनाव में बनारस में डमरू बजाया था, अब वह मीरापुर विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा रालोद गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी डमरू बजायेंगे। उन्होंने मौजूद लोगों से भाजपा-रालोद प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए अधिक से अधिक प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने लोगों को केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## खेल-खेल में मासूम बच्ची ने निगला सिक्का, मौत

बांदा, 1 नवंबर (एजेंसी)। खेलते समय एक साल की बच्ची ने दो रुपये का सिक्का निगल लिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। माता-पिता शव लेकर घर चले गए। पुलिस को सूचना नहीं दी। चिल्ला थाना क्षेत्र के डिघवट गांव निवासी महक (एक वर्ष) बुधवार को सुबह घर में खेल रही थी। इस दौरान उसने दो रुपये का सिक्का मुंह में डाल लिया। सिक्का गले में अटक गया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। पिता लोमस उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक बच्ची दम तोड़ चुकी थी। बच्ची की मौत पर पति-पत्नी गश खाकर गिर गए। परिजन उन्हें संभालते रहे। बाद में वह शव लेकर घर चले गए। लोमस ने बताया कि वह मजदूर है, महक इकलौती संतान थी।

## पटाखे जलाने को लेकर दो पक्ष भिड़े

मुजफ्फरनगर, 01 नवम्बर (बु.)। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला आंनदपुरी में गली में पटाखे जलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दीवाली की रात पटाखे जलाने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के नरेश कुमार ने तहरीर देते बताया कि शिवम शर्मा, अमन, साहेब व पांच अज्ञात ने गौरव भारती, हर्ष भारती व राहुल भारती से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। बीच बचाव कराने पहुंची सतवीरी से भी मारपीट की गयी। दूसरे पक्ष से दीप्ती ने तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले के पप्पू का पटाखे जलाने को लेकर गुड्डू से विवाद हो रहा था। शोर-शराबे की आवाज सुनकर उसका भाई अमन बीच बचाव कराकर वापस आ गया। आरोप है कि कुछ समय पश्चात पप्पू पक्ष के लोग उसके मकान में घुस आए और उसके मकान का गेट तोड़ दिया और उसके भाई अमन से मारपीट करते हुए स्कूटी तोड़ दी। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट की तहरीर दी गयी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम कु0 अवनी गुप्ता (KM. AVNI GUPTA) से बदलकर अवनी गुप्ता (AVNI GUPTA) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे नए नाम अवनी गुप्ता (AVNI GUPTA)के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

अवनी गुप्ता
पुत्री संजय कुमार
76, गंगा रामपुरा, मुजफ्फरनगर

## गणपति खाटू श्याम मंदिर में हुआ विशेष पूजन



मुजफ्फरनगर, 1 नवंबर (बु.)। दीपावली पर गणपति खाटू श्याम धाम में विशेष पूजन किया गया। इस मौके पर प्रमुख उद्यमी भीम कंसल ने अपने सहयोगियों के साथ पूजा अर्चना की और सुख समद्धि की कामना की। मंदिर में रंग बिरंगी ालरों और पुष्पों द्वारा आकर्षक सज्जा की गई थी। श्री गणपति खाटू श्याम धाम में दीपावली पर विशेष गणपति व लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया। मंदिर के संस्थापक प्रमुख उद्यमी भीम कंसल ने इस मौके पर पूजन किया। उनके साथ मंदिर समिति के तमाम पदाधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित रहे। इनमें मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक गर्ग, अनिल गोयल, रजत राठी, चचा जेपी, अंकित, अरविंद भारद्वाज, शरद गोयल समेत तमाम श्रद्धालु उपस्थित थे। गणपति व खाटू श्याम के विशेष श्रंगार के साथ मंदिर परिसर को रंगीन ालरों व फूलों से सजाया गया था।



## घर में घुसकर मारपीट, घायल करने के बाद धमकी देकर फरार हो गए हमलावर



बुढ़ाना, 01 नवम्बर (बु.)। कुछ युवकों ने एक घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को मारपीट कर घायल कर दिया और पुलिस के आने से कुछ देर पहले ही भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। घायलों को हस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव परासौली में शुक्रवार की सायं गुफरान पुत्र इरफान अपने घर में अपने परिवार के अन्य सदस्यों असलम पुत्र इस्तकार, कैफ पुत्र गुलफान और शोएब पुत्र इस्तकार आदि के साथ बैठे हुए बात कर रहे थे। तब गांव के ही तालिब, जाकिर व साबिर पुत्रगण मुस्तकीम, नफीस पुत्र अरशद, महकाईल पुत्र सुलेमान, आजाद पुत्र इलियास, महताब पुत्र शौकीन, इस्लाम पुत्र इकबाल और जाबीर पुत्र उमरदीन अचानक से घर पर आ गये और बिना बात ही परिवार के कई सदस्यों पर लाठी और डंडों से हमला करना शुरू कर दिया और पथराव कर फरार हो गये। आरोपियों ने मकान में भी तोड़फोड़ की तो घायलों ने शोर मचाया तो किसी ने पुलिस को खबर कर दी। तब पुलिस मौके पर आती तब तक सभी आरोपी गुफरान व उसके परिजनों को भविष्य मे हत्या करने की धमकी देकर फरार हो गये। मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने सभी घायलों को हस्पताल भिजवाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

## एसएसपी ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के पांव छूकर लिया आशीर्वाद



मुजफ्फरनगर, 1 नवंबर (बु.)। दीपावली की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा महिला वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को उपहार भेंट कर दीपावली की खुशियों को साझा किया तथा कुशलक्षेम जान पांव छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार मुजफ्फरनगर पुलिस अनाथाश्रम , वृद्धाश्रम आदि स्थानों पर दिवाली को खास बनाने में जुटी रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा दीपावली की पूर्व संध्या पर थानाक्षेत्र नई मण्डी स्थित महिला वृद्धाश्रम में बुजुर्ग महिलाओं के साथ समय व्यतीत कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भेंट किये गये तथा उनकी कुशलक्षेम जान वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सीओ नई मण्डी रुपाली राव, पीआरओ राजेश भारती सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा जनपदवासियों से अपील की गयी कि आप भी इस दीपावली गरीब परिवारों की मदद करें, इससे उन सभी की दीपावली भी खास बनेगी।

## यातायात पुलिस ने फुटपाथ के गरीबों के साथ मनाई दिवाली



मुजफ्फरनगर, 1 नवंबर (बु.)। दीपावली के पर्व पर प्रभारी यातायात पुलिस द्वारा गरीब एवं असहाय बच्चों एवं परिवारों में उपहार, मिठाई, मोमबत्ती आदि वितरित करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं। प्रभारी यातायात पुलिस इन्द्रजीत सिंह द्वारा फुटपाथ पर रहने वाले परिवारों, गरीब एवं असहाय परिवारों तथा बच्चों के बीच जाकर उन्हें दीये, मोमबत्ती, मिठाई, उपहार आदि वितरित किए गए तथा सभी केसाथ खुशियां बांटते हुए दीपावली की शुभकामनाएँ दी गयीं। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे तथा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

## चरथावल में बुलेटिन को आवश्यकता

मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा चरथावल में सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे एक व्यक्ति को तत्काल कार्य मुक्त कर दिया गया है, क्योंकि उक्त व्यक्ति ठीक से रिपोर्टिंग नही करता । अब मुजफ्फरनगर बुलेटिन को चरथावल में किसी वरिष्ठ संवाददाता की आवश्यकता है, जो फील्ड में रहकर कार्य कर सकता हो और जो स्वयं समाचार लिखना जानता हो।

दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन

224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

